Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the Delhi Government to give 1 Crore rupees to Corona warrior as promised.

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली) : **अध्यक्ष जी, धन्यवाद । इस साल कोविड-19 की दूसरी लहर में इस देश के लोगों ने मौत को काफी करीब से देखा था । इसी के साथ हमने यह भी देखा था कि हमारी जान बचाने के लिए देश के सारे डॉक्टर्स, नर्सेस, सफाई कर्मचारी और पुलिस के जवान भी अपनी ड्यूटी निभाते हुए, अपनी जान को जोखिम डालते हुए, हमारी जान बचाने के लिए अपने घर से बाहर निकले ।**

हमने इन सभी को कोरोना योद्धा के नाम से पहचाना । कोई इनको कोरोना-वॉरियर्स बोलता था, कोई इनको फ्रंटलाइन-वर्कर्स बोलता था । दिल्ली में जहां 25 हजार लोगों की जान गई, वहीं 300 से ज्यादा कोरोना योद्धाओं ने भी ड्यूटी निभाते हुए अपनी जान को गंवाया है । दिल्ली सरकार ने उस समय यह वादा किया था कि वह इन सभी कोरोना योद्धाओं को 1 करोड़ रुपये देगी । लेकिन बहुत दु:ख की बात है कि 300 से ज्यादा एप्लीकेशंस मिलने के बाद भी अभी तक केवल पांच लोगों को, जो हमारे कोरोना योद्धा शहीद हो गए, उनका धर्म देखते हुए वोट बैंक के नाते केवल उन पांच परिवारों को एक करोड़ रुपए दिए हैं ।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि इस विषय पर भारत सरकार दिल्ली सरकार से बात करे । दिल्ली सरकार अपना धर्म निभाते हुए, अपना वादा निभाते हुए उन सारे कोरोना योद्धाओं को एक-एक करोड़ रुपए दे । दिल्ली के मुख्य मंत्री पंजाब जाकर कुछ वादा करते हैं और दिल्ली में अपने वादे को भूल जाते हैं । अगर इन सारे कोरोना योद्धओं के परिवारों को एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी, तो इससे इन लोगों को

मनोबल बढ़ेगा, क्योंकि यह बीमारी अभी खत्म नहीं हुई है । ऐसा करने से उन परिवारों को आर्थिक मदद भी मिलेगी । धन्यवाद ।